# TickMark.Ai
Mumbai

**Class:** EM - CLASS 9 | **Subject:** Hindi | **Time:**1 hrs
**Date:** 02-08-2025 | **Paper:** Unit 1 | **Marks:**20

**Q1) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(8)**

(1) सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : (2)

(1) अपने झेंप मिटाने का यत्न करते हुए ................................ .

(i) बिल्ली भाग गई | (ii) अमरू चला गया | (iii) दरोगा जी चले गए |

(2) हम सब इस आदमी की ................................ .

(i) बदमाशी के गवाह हैं | (ii) मदद करेंगे | (iii) तलाशी लेंगे |

जो आदमी थानेदार को बुलाकर लाया था, क्रोध में आकर बोला, ''क्यों बकता है, बे ! दरोगा जी, ऐसे नहीं यह मानेगा । दो-चार बेंत रसीद कीजिए ।'' दरोगा ने बगल से निकाल कर बेंत अपने हाथ में ली ही थी कि अमरू नम्रतापूर्वक झुका और बोला, ''सरकार, आप जितना चाहें मुझे पीट लें, पहले यह तो देख लें कि इस बोरी में है क्या ? हुक्म हो तो चलिए थाने चलें ।'' यद्यपि थानेदार इस बात पर राजी हो गए थे पर भीड़ कब मानने वाली थी । लोग चिल्ला उठे, ''हरगिज नहीं, ऐसा कभी नहीं होगा । हम सब इस आदमी की बदमाशी के गवाह हैं । मामला कभी दबने नहीं देंगे ।'' थानेदार डर गए कि उनकी नीयत पर लोगों को शक हो रहा है उन्होंने अमरू से कहा, ''अच्छा, बोरी को नीचे रखो । इसका मुँह खोलो ।''

अमरू शांतिपूर्वक नीचे बैठ गया और धीरे से उसने बोरी का मुँह खोल दिया । जैसे ही बोरी का मुँह खुला बिल्ली का बिलुंगड़ा छलाँगें मारता हुआ एक तरफ भाग गया और लोग देखते ही रह गए । थानेदार की भी समझ में न आया कि अब क्या करें ? वह थाने की तरफ मुड़ा और एक ताँगवाले की पीठ पर बेंत मारते हुए बोला, ''जानते नहीं कि रास्ते में ताँगा खड़ा नहीं करना चाहिए ।'' इस प्रकार अपनी झेंप मिटाने का यत्न करते हुए दरोगा जी चले गए और अमरू हँसता हुआ घर वापस आ गया |

TickMark.Ai

(2) एक शब्द में उत्तर लिखिए: (2)

(1) थानेदार ने अमरू को क्या नीचे रखने के लिए कहा ?

(2) दरोगा ने बगल से क्या निकाली ?

(3) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: (2)

(1) तेज x (2) बुरा x (3) ऊपर x (4) उठना x

(4) 'पारंपरिक यातायात के साधन' विषय पर अपने विचार लिखिए | (2)

**Q2) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

(1) एक शब्द में उत्तर लिखिए: (2)

(1) मंद पवन के झोकों से यह झूम रहे हैं।

(2) हरित तृणों से यह पुलक उठती है |

चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही हैं जल-थल मे ।
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है
अवनि और अंबर तल में ।।

पुलक प्रगट करती है धरती
हरित तृणों की नोकों से ।
मानो झूम रहे हैं तरु भी
मंद पवन के झोंकों से ।।

क्या ही स्वच्छ चाँदनी है यह
है क्या ही निस्तब्ध निशा।
है स्वच्छंद-सुमंद गंध वह
निरानंद है कौन दिशा?

बंद नहीं, अब भी चलते
हैं नियति नटी के कार्य-कलाप।
पर कितने एकांत भाव से
कितने शांत और चुपचाप ।।

(2) ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों: (2)

(1) चाँदनी
(2) नियती

(3) निम्नलिखित काव्यपंक्तियों का सरल भावार्थ लिखिए: (2)

पुलक प्रगट ............ के झोंकों से ।।

**Q3) सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (6)**

(1) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए (1)

आँखे दिखाना

(2) निम्नलिखित वाक्य के अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद पहचानकर लिखिए (1)

प्रयागराज में कुंभमेला अद्वितीय है।

(3) निम्नलिखित क्रिया का प्रथम एवं द्वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए (1)

लिखना

(4) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए (1)

वह बड़ा दूर चला गया |

(5) निम्नलिखित वाक्य में से सहायक क्रिया को पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए (1)

तभी थानेदार और सिपाही वहाँ आ पहुँचे |

(6) निम्नलिखित अव्यय का वाक्य में प्रयोग कीजिए (1)

चुपचाप

All the Best

TickMark.Ai